DAINIK JAGRAN (03.12.2016)

वाईएमसीए में अपने विचार रखेंगे वैज्ञानिक

इंटरनेशनल कांफ्रेंस की विवरणिका को जारी करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार। जागरण

जासं, फरीदाबाद : हरियाणा स्वर्ण जयंती वर्ष उत्सव के उपलक्ष्य में वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से 'इंजीनियरिंग एवं प्रबंधन में अनुसंधान के माध्यम से सतत विकास' विषय पर कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। कांफ्रेंस का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में 26 एवं 27 दिसंबर को होगा। कुलपति डॉ. दिनेश कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को कॉन्फ्रेंस की विवरणिका का विमोचन किया। इस दौरान कुलसचिव डॉ. एस के शर्मा, डॉ. अरविंद गुप्ता, डॉ. मुनीश वशिष्ठ, डॉ. प्रदीप कुमार तथा डॉ. सोनिया बंसल उपस्थित थीं।

प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि विवरणिका में इंटरनेशनल कांफ्रेंस से संबंधित अहम जानकारियां दी गई है। इसमें देशभर से वैज्ञानिकों के हिस्सा लेने का अनुमान है। डॉ. अरविंद गुप्ता ने बताया कि कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विश्वविद्यालय का उद्देश्य इंजीनियरिंग तथा प्रबंधन के क्षेत्र में नवीनतम सोच एवं अनुसंधान को बढ़ावा देना है। इसमें इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के क्षेत्र में सतत विकास, व्यापार एवं उद्यमशीलता के क्षेत्र में सतत विकास, वित्त, विपणन तथा मानव संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में उभरते मुद्दों, मैकेनिकल इंजीनियरिंग में सतत विकास विकास के अवसर, मुद्दों और चुनौतियों, कंप्यूटर विज्ञान तथा सूचना प्रौद्योगिकी में डिजिटाइजेशन, विज्ञान तथा मीडिया की सतत विकास की भूमिका जैसे अन्य विषयों पर चर्चा होगी।

AAJ SAMAJ (03.12.2016)

इंटरनेशनल कांफ्रेंस 26 व 27 को

फरीदाबाद। वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने 'इंजीनियरिंग एवं प्रबंधन में अनुसंधान के माध्यम से सतत् विकास' विषय पर आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस की विवरणिका का विमोचन किया। कॉंफ्रेंस का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में 26 एवं 27 दिसंबर को किया जाएगा, जिसे हरियाणा स्वर्ण जयंती वर्ष उत्सव के रूप में आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके शर्मा, संकायाध्यक्ष व विभागाध्यक्ष, प्रबंधन अध्ययन विभाग डॉ. अरविंद गुप्ता, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग डॉ. मुनीश वशिष्ठ, आयोजन सचिव डॉ. प्रदीप कुमार तथा डॉ. सोनिया बंसल भी उपस्थित थीं। प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि विवरणिका में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस से संबंधित अहम जानकारियां दी गई है।

NAVBHARAT TIMES (03.12.2016)

खास खबरें

26-27 को होगी कॉन्फ्रेंस

■ **वस, फरीदाबाद :** हरियाणा स्वर्ण जयंती वर्ष उत्सव के उपलक्ष्य में वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से 'इंजीनियरिंग एवं प्रबंधन में अनुसंधान के माध्यम से सतत विकास' विषय पर कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। इसका आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में 26 एवं 27 दिसंबर को होगा। वाइस चांसलर डॉ. दिनेश कुमार अग्रवाल ने कॉन्फ्रेंस की विवरणिका का विमोचन किया। डॉ. एस के शर्मा, डॉ. अरविंद गुप्ता, डॉ. मुनीश वशिष्ठ, डॉ. प्रदीप कुमार तथा डॉ. सोनिया बंसल उपस्थित थीं।